# खेल में गुमला की उंची उड़ान

दीपक राम काजू

- 2022 में हॉकी और फुटबाल नर्सरी से मिले विश्व स्तरीय दो महिला खिलाड़ी
- अष्टम उरांव व सुधा अंकिता लकड़ा ने खेला फीफा महिला विश्व कप, क्रिकेट में भी गुमला के खिलाड़ी ने भरा उंची उड़ान
- गुमला के राबिन मिंज का चयन हुआ रंजीत खिलाड़ी के रूप में, आईपीएल आक्सन में भी राबिन को किया गया शामिल
- डीसी ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के आगे बढ़ाने के लिए खेल बैंक की स्थापना


अष्टम उरांव


सुधा अंकिता लाकड़ा


सुप्रिती कच्छप

**गुमला।** खेल के क्षेत्र में गुजरता साल 2022 गुमला के लिए कई मायनों में अहम साबित हुई है। खेल नगरी गुमला की उर्वरा भूमि मि से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की कई खिलाड़ी 2022 में सामने आये। हॉकी व फुटबाल के क्षेत्र में देश को हमेशा गुमला जिला ने कई बेहतरीन खिलाड़ी दिये हैं। लेकिन अब क्रिकेट के क्षेत्र में भी जल्द ही गुमला का खिलाड़ी भारतीय टीम में अपना जलवा दिखाएगा। वर्ष 2022 में गुमला जिला के विशुनपुर प्रखंड की अष्टम उरांव व चैनपुर प्रखंड की सुधा अंकिता लकड़ा को भारतीय महिला फुटबाल टीम के लिए चयनित किया गया। दोनों ही खिलाडियों का चयन फीफा महिला वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम हुआ। अष्टम उरांव तो भारतीय टीम की कप्तान रही। दोनों ही खिलाड़ी जिले में अन्य प्रतिभावान व खेल को कैरियर के रूप में अपनाने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी है। वहीं घाघरा प्रखंड सुप्रिती कच्छप अंडर 20 वर्ल्ड कप कोलंबिया में भाग ली थी। खेत खलिहान में खेलकूद कर इन खिलाड़ियों ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनायी। संसाधनों का अभाव भी इनके लक्ष्य को हासिल करने में कभी बाधा नहीं बन पायी। विश्व पटल पर गुमला का नाम इन बेटियों ने खेल के क्षेत्र में रोशन किया है। इनके मार्ग दर्शन में भविष्य में कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर गुमला जिला का गौरव बढाएंगी। वहीं क्रिकेट के क्षेत्र में गुमला शहर के डुमरटोली निवासी राबिन मिंज का चयन रंजीत खिलाड़ी के रूप में हुआ है। रंजीत खिलाड़ी के रूप में राबिन ने बेहतर प्रदर्शन किया। जिसका इनाम उसे मिला वह आईपीएल के आक्सन में भी एक अच्छे क्रिकेटर के रूप में चुना गया है। जल्द ही राबिन मिंज भारतीय टीम में शामिल होगा और गुमला की धरती को अंतरराष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित करेगा। राबिन मिंज के क्रिकेट जगत में बढ़ते कद से जिले के कई खिलाड़ी प्रेरित होंगे और अपनी प्रतिभा के बल पर वे भारतीय टीम का हिस्सा बन पाएंगे। फिलहाल राबिन मिंज युवा क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। गुमला के उपायुक्त सुशांत गौरव भी जिले को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए कोई कसक नहीं छोड़ रहे हैं। खिलाड़ियों के लिए उपायुक्त ने ओपन सामग्री कक्ष बनाया है। जहां उन्हें हर तरह की कीट सुलभ तरीके से मिल रही है। सभी तरह के खेलों के लिए खेल बैंक बनाकर गुमला के उपायुक्त ने जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का एक सुनहरा अवसर प्रदान किया है।

# पंडरा में सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश हुई नाकाम

खबर मंत्र संवाददाता

- लेसलाइट पार्टी के नाम पर एक दर्जन स्थानों पर पर्चा फेंकते हुए समुदाय विशेष के सात लोगों को सुधरने व जान मारने की धमकी दी
- पुलिस ने पर्चा को किया जब्त



कुडू लोहरदगा ।थाना क्षेत्र के पंडरा गांव में लेसलाइट पार्टी के नाम पर एक दर्जन स्थानों पर प्रिटेंड पर्चा फेंकते हुए समुदाय विशेष के सात ग्रामीणों को सुधरने अन्यथा जान मारने की धमकी दी गई। प्रिंटेड पर्चा मिलने के बाद गांव मे सनसनी फैल गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा सभी पर्चा को जब्त कर लिया है। दुसरी तरफ मुख्यालय डीएसपी प्रमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में गांव में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई तथा गांव में आपसी सौहार्द बनाए रखने तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने पर सहमति बनी । गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है साथ ही गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया गया है । बताया जाता है कि मंगलवार सुबह जैसे ही गांव के लोग अपने घरों से बाहर निकले सड़कों पर छोटे - छोटे टुकड़ों में एक समुदाय विशेष के सात ग्रामीणों को सुधरने तथा नहीं सुधार लाने पर जान से मारने की धमकी भरा प्रिटेंड पर्चा नजर आया । प्रिटेंड पर्चा देखते ही गांव में सनसनी फैल गई। इसकी सूचना कुडू पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी सन्नी कुमार ने पर्चा को जब्त कर लिया। स्थीति को देखते हुए गांव में पुलिस उपाधीक्षक प्रमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में गांव में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में दोनों समुदाय के गणमान्यो के साथ - साथ पुलिस तथा प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए । बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि गांव में आपसी सौहार्द तथा भाईचारा कायम है । आपसी सौहार्द तथा भाईचारा बिगाड़ने को लेकर असमाजिक तत्वों ने इस तरह की कायराना हरकत किया है।दोषियों पर कड़ी कार्रवाई किया जाय । मौके पर पुलिस उपाधीक्षक ने कहा कि गांव में आपसी सौहार्द तथा भाईचारा कायम रहें इसको लेकर प्रशासन अपना काम कर रहा है। किसी को कानुन अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं है।दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जांच चल रही है ,जल्द ही दोषियों को पकड़ लिया जायेगा। पर्चा को देखने से प्रथमदृष्टया प्रतीत होता है कि किसी सिरफिरे ने अपनी खुनस निकालने के लिए इस तरह की कायराना हरकत किया है । थाना प्रभारी सन्नी कुमार ने बताया कि मामले की जांच चल रही है । दोषियों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा ।

## गुमला उपायुक्त ने बाजार समिति का किया निरीक्षण

**गुमला।** उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव ने बाजार समिति में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पायी गयी कमियों को दूर करने हेतु उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बाजार समिति के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सभी पुरानी संरचनाओं को आवश्यकता के अनुसार तोड़ने एवं मरम्मती करवाने का निर्देश दिया। 5 जनवरी से पूर्व पुराने भवनों की मरम्मती के कार्य हेतु टेंडर प्रक्रिया आरंभ करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने बाजार समिति के बाउंड्री लाइन की पुनः मापी करते हुए बाउंड्री निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। बाउंड्री से लगे हुए कुएं एवं मंदिर को देखते हुए उपायुक्त ने कहा कि ये आम नागरिकों की संपत्ति है उसे किसी प्रकार के नुकसान पहुंचाए बिना इनको छोड़ते हुये बाउंड्री करने एवं उसके समीप किनारे में लगभग 6 फीट भूमि रास्ते के लिए छोड़ने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बाजार समिति में श्रम सम्मान केंद्र का निर्माण करने का निर्देश दिया। श्रमिकों के रात को ठहरने की व्यवस्था एवं अन्य प्राथमिक सुविधा को देखते हुए केंद्र का निर्माण करने का निर्देश दिया बाजार समिति के निरीक्षण के क्रम में पीसीसी पथ निर्माण कार्य , धान अधिप्राप्ति हेतु गोडाउन के मरम्मती कार्य , रागी प्रोसेसिंग मशीन एवं केंद्र का भी निरीक्षण करते हुए आवश्यक बदलाव के लिए उपायुक्त ने दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि बाजार समिति में हर प्रकार के लोग सुरक्षित रूप से अपना रोजगार

## घाघरा में विहिप दुर्गा वाहिनी का ट्रेनिंग शुरू



**घाघरा।** सर्वेश्वरी बाल मंदिर घाघरा में विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग एवं मातृशक्ति प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री केशव साय,विहिप जिला महिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह ,मातृशक्ति जिला प्रमुख शैल सिंह, अनुराधा कश्यप, एसआई अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से मां दुर्गा ,भगवान राम और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण वर्ग में सैकड़ो की संख्या में बच्चियां और महिला शामिल हुई । पूनम सिंह ने कहा कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में अपने शक्ति को जानने धर्षनिष्ठ बनने की जानकार दी जाएगी। सभी पूरी ईमानदारी के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें। केशव साय ने कहा कि आप सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रशिक्षण से संबंधित सभी जानकारियों को लोगों के बीच साझा करें ताकि इस प्रशिक्षण का लाभ अन्य लोगों को भी मिल सके।

# ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विवि में 13 बहनें आजीवन करेंगे समर्पण

- सात और आठ जनवरी को होगा भव्य कार्यक्रम, पांच हजार लोग होंगे शामिल



**गुमला।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा 7 व 8 जनवरी को दो दिवसीय समर्पण समारोह गुमला के माहेश्वरी धर्मशाला में होगा। जिसको लेकर मंगलवार को घाटो बगीचा स्थित शाखा कार्यालय में राजयोगनी बहन शांति ने प्रेस कान्फेंस कर बताया कि प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के लिए 13 बहनें समर्पण लेंगे और आजीवन ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए मेडिटेशन व राजयोग से लोगों में धार्मिक व अध्यात्मिक चेतना लाएंगी। समर्पण का शपथ लेने वाली सभी बहनें प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में योगदान देकर मानव सेवा करती रहेंगे। उनके जीवन का उद्देश्य मानव के अंदर छिपे विकारों को दूर कर उनका चरित्र निर्माण कर बेहतर सामाजिक जीवन यापन व अध्यात्म की ओर ले जाना होगा। समर्पण की प्रतिज्ञा लेने वाली बहनों में मंजु बहन, अमृता बहन, अंजिता बहन, जयंती बहन, ममता बहन, अनिता बहन, कुसुम बहन, कंचन बहन, गंगोत्री बहन, बबली बहन व आशा बहन के नाम शामिल है। विनोद बंका व पवन अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन में माउंट आबू, बंगाल, छतीसगढ़, हैराबाद, कटक, बाथमल, निरसा सहित विभिन्न स्थानों व गुमला जिला से लगभग पांच हजार लोग शामिल होंगे। सम्मेलन में मुख्य रूप से दादी निर्मला शांता, बीके राजू भाई, बी के रूकमणी बहन, बीके काजल बहन व बीके कुलदीप बहन भाग लेंगे। इसके अलावे कोलकत्ता के जयश्री ग्रुप मंडल के सदस्य भाग लेंगे जो धार्मिक व अध्यात्मिक विषयों पर नृत्य करेंगे। 8 जनवरी को घाटो बगीचा में बने शिव दर्शन भवन का इन अतिथियों के द्वारा उदघाटन किया जाएगा। आठ को ही शोभायात्रा घाटो बगीचा से माहेश्वरी धर्मशाला तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की सभी तैयारियां जोर शोर से चल रही है। इस अवसर पर गुलाब भाई, विनय भाई, आशीष कुमार, मंगल भाई, रघुनंदन भाई, शिवम भाई, श्री अग्रवाल, नवीन गुप्ता, विनोद अग्रवाल, कुशल भाई आदि उपस्थित थे।

# लोहरदगा सदर अस्पताल में हुआ मॉक ड्रिल

खबर मन्त्र संवाददाता

- कोरोना केस आने पर कोरेनटाइन सेंटर बनेगा : उप विकास आयुक्त



**लोहरदगा ।** जिले के सदर अस्पताल में एक बार फिर से कोरोना महामारी के प्रभाव की रोकथाम को लेकर राज्य सरकार के निर्देश के बाद तैयारी तेज कर दी गई है। जिले के उप विकास आयुक्त समीरा एस और सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध के नेतृत्व में मंगलवार को सदर अस्पताल में मॉक ड्रिल किया गया। जहां जनरल वार्ड, स्पेशल वार्ड, पोस्ट कोविड ऑपरेटिव वार्ड, चाइल्ड वार्ड, ऑक्सीजन प्लांट, आईसीयू सहित पूरे अस्पताल की बारीकी से जांच कर कॉविड से लड़ने के लिए सभी बिंदुओं पर जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान ऑक्सीजन प्लांट को चालू करा कर ऑक्सीजन की सप्लाई सभी वार्डो में कराकर देखी गई, साथ ही अस्पतालों में ऑक्सीजन सरेंडर की जानकारी भी ली गई। वही अस्पताल को कोविड से लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त समीरा एस ने कहा जिले में कोविड महामारी के रोकथाम के लिए राज्य सरकार के निर्देश के बाद मॉक ड्रिल किया गया।

जहां सदर अस्पताल में पूरी तैयारी की गई। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो जिले में जांच का दायरा रेलवे स्टेशन से लेकर पहले बनाए गए चेक पोस्ट तक की जाएगी। और बाहर से आने वाले लोगो की जांच कर जिला प्रशासन उनपर नजर रखेगी। वही कोविड पॉजिटिव केस आने पर कोरेनटाइन सेंटर की व्यवस्था भी की जायेगी।

वही सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध ने कहा राज्य सरकार के आदेश के बाद अस्पताल पूरी तरह से तैयार है आज से अस्पताल में कोरोना प्रोटोकॉल का पालन किया जायेगा साथ ही टेक्नीशियन की 15 दिनों के अंदर ट्रेनिंग करा कर बहाल कर दिया जायेगा।मौके पर सदर अस्पताल के कर्मी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर जब्त



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठीयो दक्षणी कोयल नदी से बड़े पैमाने पर बालू माफिया के द्वारा अवैध बालू खनन किया जा रहा था। जिसकी गुप्त सूचना मिलते ही थाना प्रभारी धनंजय पासवान के निर्देश परसआनि पवन सोरेन ने शस्त्र बल के साथ कारवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया और अग्रतर कारवाई हेतु अंचलाधिकारी विजय कुमार को सूचना दी। जब्त ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन नम्बर जे एच 08 जे 7011 ट्रॉली नम्बर जे एच 08 एच 9760 दूसरा रजिस्ट्रेशन नम्बर जे एच 08 एच 6256 ट्रॉली नम्बर जे एच 08 जी 2492 एवं तीसरा रजिस्ट्रेशन नम्बर जे एच 08 एच 2860 ट्रॉली नम्बर जे एच 08 एच 2548 अंकित है।

### सेन्हा में दो बॉक्साइड ट्रक जब्त



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार के निर्देश पर वन परिसर अधिकारी के द्वारा बॉक्साइड ट्रक वाहन का जाँच किया गया। पहाड़ी क्षेत्र से आने वाले बॉक्साइट ट्रक के वन परमिट की जाँच हुई जाँच के दौरान दो ट्रक को जब्त कर वन विभाग कार्यालय परिसर में रखा गया है। वन पदाधिकारी किशोर नन्द कुमार ने कहा कि वन प्रमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को संघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ट्रक का चालान बॉक्साइट का खनन क्षेत्र की जाँच एवं वन परमिट को देखा गया। जिस पर कारवाई करते हुए बॉक्साइट लदा दो ट्रक संख्या जेएच 08एच 8436 एवं जेएच 08 एच 1223 को जब्त कर वन कार्यालय परिसर बक्सीडीपा में सुरक्षित रखा गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि फॉरेस्ट परमिट नहीं रहने पर उन सभी वाहन पर कार्रवाई होगी।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा खुला

लोहरदगा ।जिले में बैंक ऑफ महाराष्ट्र का नए शाखा का उद्घाटन मंगलवार को किया गया ।देश का सार्वजनिक क्षेत्र का एक अग्रणी बैंक में शामिल इस बैंक ने झारखंड राज्य के लोहरदगा में अपनी 2095 शाखा का शुभारंभ किया। यह बैंक ऑफ महाराष्ट्र की पटना अंचल के अंतर्गत 59 और झारखंड राज्य में 19 शाखा है। शहर के पवारगंज स्थित होटल नोवल्टी में इस शाखा का उद्घाटन जिले के डीसी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्णा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में हरिशंकर वत्स, अंचल प्रबंधक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, पटना अंचल, रश्मि रंजन, शाखा प्रबंधक, लोहरदगा शाखा, एस. पी. होरो, व्यवसाय विकास अधिकारी ,नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन राधा रमण प्रसाद,अजय कुमार पंकज, ,सुभम ,आकाश सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में खेलकूद



भंडरा । प्रखंड के नवडीहा में स्थित यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता हुआ। प्रतियोगिता कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि थाना प्रभारी गौतम कुमार, एस आई विकास कुमार विश्वकर्मा,स्थानीय मुखिया इंदरदेव उरांव व विद्यालय प्रबंधक बैधनाथ कुमार पांडे ने किया । थाना प्रभारी गौतम कुमार व एस आई विकास विश्कर्मा ने बैडमिंटल खेल कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया प्रतियोगिता में दौड़, बैडमिंटल, लंबी कूद, ऊंची कूद, कबड्डी, खो खो सहित आदि खेलों का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक बैधनाथ कुमार पांडे, बबिता पांडे,रमेश शर्मा, रामलाल कुमार, मनोज कुमार, सृष्टि, यशोदा, सिमरन, प्रकृति, महिमा शर्मा,कुसुम,रेखा, इंद्रदेव कुमार,मुसद्दीक अंसारी, सहित कई लोग उपस्थित थे ।

### नये वेरिएंट को लेकर मॉक ड्रिल

**भंडरा ।** कोविड-19 के नया वेरिएंट बीएफ 7 के बढ़ने की संभावना को लेकर स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त निर्देश के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा में डॉ संजय कुमार की उपस्थिति में डॉ सहित स्वास्थ्य कर्मियों ने मॉक ड्रिल कर कोरोना से बचाव की सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। इस संबंध में डॉ संजय कुमार ने बताया कि कोविड-19 के नया वेरिएंट बीएफ 7 के फैलाव को संभावित मांगते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष सतर्कता बढ़ती जा रही है। इसी सतर्कता के तहत स्वास्थ्य विभाग से निर्देश मिला था । कोरोना से बचाव हेतु सभी तैयारियों का मॉक ड्रिल किया गया। जिसमें ऑक्सीजन प्लानेट मुख्य रूप से था ।इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा डॉक्टरों के उपस्थिति में अस्पताल परिसर में मॉक ड्रिल किया गया ।सभी सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया गया। मौके पर डॉ अविनाश कुमार, डॉक्टर ओम कुमार, अभिनेश तकनीशियन, साजिद अंसारी, कुंती कुमारी, उमा झा, रितु कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### निशुल्क क्रिकेट कैंप हुआ शुरू



**लोहरदगा।** जिला प्रशासन के द्वारा चल रहा क्रिकेट कोचिंग प्रशिक्षण केंद्र में लोहरदगा प्रखंड के खिलाड़ियों के लिए 2 दिन का क्रिकेट कैंप बी एस कॉलेज ग्राउंड में मंगलवार से शुरू हुआ ।जिसमे इच्छुक क्रिकेट खिलाड़ी जो खेलना चाहते हैं या सीखना चाहते हैं वह इस क्रिकेट कैंप में शामिल हो सकते हैं ।यह निशुल्क कैंप जिला प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा है। इस कैंप को क्रिकेट कोच अमित कुमार के द्वारा चलाया जा रहा है। इस कैंप में जिले भर के बच्चे भाग ले रहे है ।सदर प्रखण्ड के बीडीओ प्रतिभा कुजूर इस कैंप में पहुंचकर खिलाड़ियों को मार्गदर्शन दिया और बताया इस कैंप में लोहरदगा जिला के कोई भी इच्छुक खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। लोहरदगा जिला के कोई भी खिलाड़ी जो प्रतिभावान है लेकिन फाइनेंशली रूप से सक्षम नहीं है उन सभी खिलाड़ियों को निशुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गई है । उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण को अच्छी सोच के लिए धन्यवाद भी दिया। ट कोच अमित कुमार को भी इस सराहनीय काम के लिए बधाई दी इसके बाद भंडरा तथा सेन्हा प्रखंड में भी 2 दिन का क्रिकेट कैंप लगाया जा रहा है। प्रतिभावान खिलाड़ियों में बॉयज में 30 तथा गर्ल्स में 30 क्रिकेट खिलाड़ियों को सेलेक्ट किए जाएंगे तथा उन्हें बीएस कॉलेज ग्राउंड में तैयारी दी जाएगी।

## एक नजर में

### बीडीओ व सीओ ने किया पिकनिट स्पॉट का निरीक्षण



**घाघरा ।** घाघरा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पिकनिक स्पॉट का निरीक्षण मंगलवार को बीडीओ विष्णु देव कच्छप व सीओ प्रणव ऋतुराज के अलावे कई अधिकारियों ने किया। इस दौरान देवाकी बाबा धाम, देवाकी नर्सरी, देवाकी डैम, टांगर शिकवार टोंगरी, कोयल नदी, बंसरी नदी व मसरिया डैम सहित कई पिकनिक स्पॉट का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ व सीओ ने स्थानीय मुखिया व पंचायत समिति सदस्यों को निर्देश दिया है। जिस भी क्षेत्र में पिकनिक स्पॉट है वहां के मुखिया व पंचायत समिति सदस्य ग्रामीणों के साथ बैठक कर 12 सदस्यीय ग्रामीणों का टीम बनाये। जिसमें पांच ऐसे सदस्यों को जो तैरना जानते हो। समय निर्धारित की जाएगी निर्धारित समय तक सभी पिकनिक स्पॉट से अपने-अपने घर चले जाएं। किसी भी तरह से अनहोनी ना हो असामाजिक तत्वों के पहचानी कर तुरंत थाना को सूचित करे ताकि किसी भी घटना घटने से पहले उसे रोक लिया जा सके। इस दौरान थानेदार अमित कुमार चौधरी को भी निर्देश देने की बात कही और कहा कि जितने भी पिकनिक स्पॉट हैं जहां लोग पिकनिक मनाने के लिए जाते हैं वैसे वैसे जगहों पर पुलिस के जवान तैनात हो खुद थाना प्रभारी सभी पिकनिक स्पोर्ट का जायजा ले। किसी भी तरह से सुरक्षा व्यवस्था चुक ना हो इसे ध्यान में रखें।

### सामूहिक दुष्कर्म मामले में छह गिरफ्तार

**कुडू लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के कोलसिमरी दोहर में मंगेतर से मिलने गई युवती के साथ हुए सामुहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस कुछ भी बताने से इंकार कर रही है। बताया जाता है कि दो दिन पहले थाना क्षेत्र के कोलसिमरी दोहर में मंगेतर से मिलने पहुंची युवती के साथ छह आरोपियों ने मारपीट करते हुए मंगेतर को भगाते हुए युवती के साथ सामुहिक दुष्कर्म किया था । दूसरे दिन युवती के बयान पर छह आरोपियों पर दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया था । पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर मुख्यालय डीएसपी प्रमेश्वर प्रसाद तथा पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार थाना प्रभारी सन्नी कुमार के नेतृत्व में दो दिनों तक छापामारी कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया ।पुलिस मामले की जांच कर रही है। सभी आरोपी लावागांई के बताए जाते हैं ।

### मशरूम उत्पादन का दिया गया प्रशिक्षण

गुमला। कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशुनपुर द्वारा बाल गृह गुमला में दो दिवसीय मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र गुमला कृषि विज्ञान केंद्र गुमला के गृह वैज्ञानिक डॉ निशा तिवारी द्वारा दिया गया। इस प्रशिक्षण में बाल गृह केंद्र के प्रभारी सुश्री रीता के सहयोग से स्कूल ड्रॉपआउट बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में मशरूम उत्पादन एवं उनसे बनने वाले पदार्थ मूल्य संवर्धित पदार्थ के बारे में बताया गया। यह प्रशिक्षण छात्राओं को स्वावलंबी बनाने हेतु दिया गया। इस प्रशिक्षण का आयोजन करवाने में विकास भारती बिशुनपुर के श्री रामकुमार चौधरी टीम लीडर का सहयोग रहा। इस प्रशिक्षण में 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### राष्ट्रीय तेली साहू का सम्मेलन आज

**गुमला।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन जिला गुमला के द्वारा 28 दिसम्बर को डुमरी प्रखंड स्थित धार्मिक स्थल टांगीनाथ धाम में वनभोज सह वृहत स्वजातीय तेली सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें 2000 से भी ज्यादा स्वजातीय तेली भाइयों की भगीदारी एवं उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अम्बा प्रसाद एवं पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साहू, राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री सुनील साहू एवं उसके साथ वरिष्ठ प्रदेश स्तरीय अन्य पदाधिकारी और छतीसगढ राज्य के जशपुर जिला के अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता वरिष्ठ सहयोगियों के साथ शामिल होंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकजुटता कायम कर सामाजिक विकास के लक्ष्य को हासिल करना एवं समाज विरोधी विसंगतियों को दूर करना। यह जानकारी जिलाध्यक्ष दिलीप नीलेश ने दी है।

### खलिहान में रखे धान जलकर हुआ राख

**चैनपुर ।**मालम पंचायत स्थित जामटोली गांव के खलिहान में रखे किसानों की धान की फसल जलकर राख हो गई। जिसे उनके मेहनत पर पानी फिर गया। धान की फसल को बेचकर किसानों ने अपने परिवार के लिए कई सपने देखे वह अब वह पूरा नहीं होगा। जानकारी के अनुसार जामटोली गांव के किसान धान काट कर अपने खेत के बगल के खलिहान में खुशबूदार जीरा फूल धान काटकर सामूहिक रूप से रखे थे। धान के 8 बड़े बड़े गाँज रखे हुए थे। वहां स्थित धान की कीमत करीब 80000 बतायी जा रही है। आग कैसे लगी यह किसी को पता नहीं है। इस घटना की खबर जैसे ही जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा को मिला वह अपने साथ पंचायत समिति सदस्य अनिता को लेकर घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने किसान को ढांढस दिलाया और घटना की जानकारी लेते हुए क्षतिपूर्ति के लिए सरकार से सहायता मुहैया कराने की बात कही। जिन किसानों के धान की गांज जली उनमें सावन उरांव, कार्तिक उरांव,जतरू उरांव व जयपाल उरांव के नाम शामिल है।

### कार के धक्के से बाईक सवार दो लोग जख्मी

चैनपुर। छतरपुर गांव के समीप कार एवं मोटरसाइकिल की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें 108 एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर लाया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायडीह प्रखंड के मरियम टोली निवासी अल्फेर किण्डो उम्र 32 वर्ष पिता विलियम किण्डो एवं आलोक लकड़ा 26 वर्ष पिता नोर्बट लकड़ा मोटर साइकिल से अपने गांव की ओर जा रहे थे। तड़्ी छतरपुर के समीप गुमला से चैनपुर की ओर आ रही चारपहिया वाहन से मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। जिससे दोनों मोटरसाइकिल सवार को गंङ्गीर चोट लगी। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें चैनपुर अस्पताल पंहुचाया गया। जहां आलोक लकड़ा की गंभीर स्थिति को देखते हुए डाक्टरों के द्वारा उसे बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया।

### छात्र लापता,परिजनों ने किया थाना में सनहा दर्ज

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के बसुवा बांसटोली गांव के रहने वाले ऋतिक रौशन कुमार ,पिता सुरेंद्र मांझी उम्र लगभग 14 वर्ष बीते 21 दिसंबर दिन बुधवार की रात्रि 7 बजे पालकोट रोड बेहरा टोली से अचानक गुम हो गया है। मालूम हो कि ऋतिक रोशन कुमार गुमला बेहरा टोली में किराए के मकान में रहकर विद्या भारती स्कूल गुमला में पढ़ाई करता था ।परिजन काफी खोज बीन कर रहे हैं पर कहीं कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में छात्र के माता अलका देवी ने सोमवार को गुमला थाना में सनहा दर्ज कर अपने पुत्र को खोजने की गुहार लगाई है। छात्र के मां अलका देवी, पिता सुरेंद्र मांझी एवं बड़े पिता सिकंदर मांझी ने ऋतिक रोशन कुमार का पता चलने पर 334842792 पर सूचना दें।

### ईश्वर जरूरतों को करता है पूराः फादर लिनुस



चैनपुर। संत जोन्स कैथोलिक चर्च के नवीनीकृत चर्च का मंगलवार को आशीष एवं स्वर्ण जयंती समारोह मनाया गया। सर्वप्रथम इस कार्यक्रम के मुख्य अनुष्ठान गुमला धर्म प्रांत के प्रशासक फादर लिनुस पिंगल एक्का के द्वारा नवीनीकृत गिरजाघर में पवित्र मिस्सा पूजा कराई गई एवं आशीष प्रदान की गई। उन्होंने ने कहा कि ईश्वर हमारे जरूरतों को पूरा करता है । जब इस गिरजाघर को मरम्मत की जरूरत थी तो उस परमपिता परमेश्वर ने विभिन्न प्रकार के माध्यम से इस गिरजाघर को नवीनीकृत करने में हमारी मदद की। इस चर्च को नवीनीकृत करने में ईश्वर के आशीर्वाद से कई लोगों ने सहयोग प्रदान किया ।उन्होंने सबों को इसके लिए धन्यवाद दिया एवं आने वाले नए साल की शुभकामनाएं भी दी।

स्पीड न्यूज

## गढ़वा जिप कार्यालय के नाजिर पर हेराफेरी का आरोप, हटाने की मांग


**गढ़वा।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी ने जिला परिषद कार्यालय में पदस्थापित नाजिर श्लोक कुमार सिंह पर प्रस्ताव में हेराफेरी का आरोप लगायी है। साथ ही उपायुक्त रमेष घोलप को आवेदन सौंपकर जिला परिषद कार्यालय से श्री सिंह को हटाते हुए दूसरे नाजिर को पदस्थापित करने की मांग की है। इस संबंध में जिप सदस्य ने उपायुक्त को सौंपे गये आवेदन में कहा है कि जिला परिषद की बैठक में लिए गए प्रस्ताव में नाजिर श्लोक कुमार सिंह हेराफेरी करते रहते हैं। ये कार्यालय में पक्षपातपूर्ण कार्य करते हैं। इस कारण उन्होंने श्री सिंह को जिला परिषद कार्यालय में अन्यत्र स्थानांतरित करते हुए वहां दूसरे नाजिर की पदस्थापना करने की मांग की है।

## नहीं मिल रहा है राशन : रविन्द्र



**गढ़वा।** आजसू पार्टी के गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी रविंद्र नाथ ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कहा कि हेमंत सरकार में राज्य की गरीब जनता, युवा, बुजुर्ग सभी त्राहिमाम कर रहे हैं। इस सरकार में न तो लोगों को सही समय पर राशन मिल पा रहा है और न ही पेंशन जिससे लोग काफी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि दिसंबर माह खत्म होने को है लेकिन अभी तक दिसंबर माह का राशन जन वितरण प्रणाली के डीलर को नहीं मिल पाया है। इसका कारण है डोर स्टेप डिलीवरी मजदूर का हड़ताल पर जाना। उनका भुगतान नहीं हो पाया है जिसके वजह से वे हड़ताल पर हैं। इस कारण बीपीएल, एपीएल परिवार के लोग राशन की आस में कर्ज लेकर या फिर उधार में दुकानदारों से चावल और आटा लेने को मजबूर हैं। जो काफी शर्मनाक स्थिति है। सरकार मंच और मीडिया के माध्यम से बड़ी-बड़ी घोषणाएं करती रहती है, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं हो पाता है। मौके पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के पूर्व जिला सचिव डा. इश्तियाक रजा, छात्र संघ के जिला प्रभारी राजन कुमार रवि, जयनन्द कुमार रवि, जितेन्द्र कुमार पाल आदि उपस्थित थे।

## 18 महिलाओं को मिला चाय, ब्रेड व खिचड़ी



**मझिआंव।** रेफरल अस्पताल में एचआरएसएफ इंडिया संस्था के द्वारा रेफरल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ के देखरेख में 18 महिलाओं को बंध्याकरण का सफल ऑपरेशन किया गया। जिसमें पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के निर्देश पर मंगलवार को सुबह सभी ऑपरेशन करायी महिलाओं को विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी एवं नगर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार के द्वारा चाय, ब्रेड, खिचड़ी और गरम पानी का व्यवस्था किया गया। मौके पर संजय कमलापुरी एवं पवन कुमार ने कहा कि आप सभी को किसी भी तरह की परेशानी हो तो बतायें।

## बीससूत्री समिति की बैठक संपन्न




**भवनाथपुर।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार कक्ष में बीससूत्री क्रियान्वयन समिति की छह माह बाद बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन विभाग, शिक्षा विभाग, थाना, बैंक सहित कई महत्वपूर्ण विभाग के पदाधिकारी उपस्थित नही थे। बैठक के नाम पर महजखाना पूर्ति किया गया। बैठक में बीडीओ ने प्रखण्ड में चल रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। बैठक में बीससूत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में पोषाहार एवं पोषक समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण नहीं होता है। इसकी शिकायत मुझे बराबर मिल रही है। सप्लायर की दुकान की जांच की जाएगी। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की कमेटी गठित कर विद्यालय में मिलने वाले भोजन की जांच की जाएगी। वहीं अंचल कर्मियों को मोटेसन में अवैध उगाही की बात कहते हुए जमकर फटकार लगाई एवं अंचल कार्यालय में लग रहे दलालों की जमावड़ा पर सीआई को फटकार लगाई। अंचल क्षेत्र में नदी-नाला, बाजार, रोड को 15 दिन के अंदर अतिक्रमण मुक्त करते हुए रिपोर्ट करने का निर्देश सीओ को दिया है।

## कोडरमा में रोजगार मेला आज

**कोडरमा।** जिला नियोजन विभाग द्वारा बुधवार को समाहरणालय परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी इमरान फारूकी ने देते हुए बताया कि रोजगार मेला सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा, इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित समय पर रोजगार मेला में शामिल होकर इसका लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला में वही अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं, जो किसी न किसी नियोजनालय से निबंधित है। उन्होनें बताया कि जो अभ्यर्थी रोजगार मेला में शामिल होना चाहते हैं और किसी नियोजनालय से निबंधित नही है, वे जिला नियोजनालय में अपना निबन्धन करवा कर शामिल हो सकते हैं।

## मजदूर के बेटे का रक्षा मंत्रालय में चयन



**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड के पिपराडीह पंचायत अंतर्गत गैड़ा निवासी महाबीर पंडित के पुत्र रवि कुमार का चयन रक्षा मंत्रालय में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के पद पर हुआ है। रवि के चयन से पूरा परिवार, ग्रामीणों व प्रखंडवासियों में खुशी का माहौल है। रवि ने इसका श्रय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। वहीं रवि की मां ने कहा कि हम अंगूठा छाप हैं और बेटे हमारे तरह अनपढ़ न रहे इसके लिए हमें हमेशा से चिंता थी की बेटों को पढ़ना है और तीनों को पढ़ाने के लिए हमलोग काफी संघर्ष किये। इनके चयन पर महेंद्र पंडित, किरण कुमारी, बीरेंद्र पंडित, संदीप कुमार, राजेश यादव भाई लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड सभागार में पंचायती राज विभाग रांची के आदेशानुसार उपायुक्त कार्यालय पंचायती राज विभाग के निर्देश पर पंचायत में सबकी योजना सबका विकास का सफल संचालन एवं अनुश्रवण को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ 26 दिसम्बर को किया गया, जो 28 दिसम्बर तक चलेगी। प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह एवं बीडीओ पप्पु रजक के द्वारा फीता काटकर किया गया।

# टीएसपीसी सब जोनल कमांडर समेत सात माओवादी गिरफ्तार

- अनूप, सुनील उरांव, नंनदलाल मुंडा, अर्जुन मानकी, चिरंजीवी, संजय भुइयां और वीरेद्र उरांव को पुलिस ने दबोचा, भारी मात्रा में हथियार बरामद
- अनूप पर चतरा और लातेहार के कई थाना क्षेत्र में आठ मामले दर्ज



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** टीएसपीसी नक्सलियों के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के सात नक्सलियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से अत्याधुनिक हथियार, 98 हजार रुपये, बारूद, एक बोलेरो कार, दो देसी कट्टा, जिंदा कारतूस और नक्सली पर्चा बरामद भी किया गया है। गिरफ्तार उग्रवादी में सब जोनल कमांडर अनूप उर्फ छोटू राम, सुनील उरांव, नंनदलाल मुंडा, अर्जून मानकी, चिरंजीवी कुमार, संजय भूईयां और वीरेद्र उरांव का नाम शामिल है। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से 7.62 एमएम का 15 जिंदा कारतूस, 01 सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, दो देशी कट्टा, 9 एमएम का चार जिंदा कारतूस, 3.15 बोर का तीन गोली, लेवी का 98 हजार रुपया नकद, घटना में कारित एक मोटरसाइकिल, महिंद्रा बोलेरो, टीएसपीसी संगठन का आठ नक्सली पर्चा व इलेक्ट्रिक उपकरण समेत कोयलांचल में संगठन के उगाही से संबंधित नक्सली साहित्य बरामद किया है। चतरा एसपी राकेश रंजन ने प्रेस काफ्रेंस में बताया कि लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के कोसमाही साईडिंग में दिलशेर खां हत्या में अनूप की अहम भूमिका थी। हाल के दिनों में उग्रवादी संगठन टीएसपीसी पिपरवार थाना क्षेत्र के कोल व्यवसायियों और ठेकेदारों को वाहट्सअप कॉल से लेवी मांग को लेकर धमकी दे रहा था। इसी क्रम में 14 दिसंबर को पिपरवार थाना क्षेत्र के बेहरा गांव में कोल व्यवसायी के घर फायरिंग की गयी थी। जिसके बाद पुलिस की टीम छापेमारी कर सात उग्रवादी को गिरफ्तार किया। सब जोनल कमांडर अनूप पर चतरा और लातेहार के विभिन्न थाना क्षेत्र में आठ मामले दर्ज हैं। वही सुनील उरांव पर चार मामले दर्ज हैं।

**आगजनी में शामिल नक्सली गिरफ्तार :** पुलिस ने सड़क निर्माण में लगे जेसीबी और ट्रैक्टर जलाने की घटना में शामिल एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली नंदकिशोर लोहरा लावालौग थाना क्षेत्र के कोटारी गांव का रहने वाला है। नंदकिशोर लोहरा को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया है। बता दें कि 12 दिसम्बर को देर रात बरेनी - कोलकोले निमार्णाधीन सड़के के किनारे करमाही जंगल के पास दो जेसीबी वाहन भाकपा माओवादी संगठन के नक्सलियों ने जला दिया था। करीब तीन दर्जन की संख्या में पहुंचे नक्सलियों ने घटना के बाद धमकी दिया गया था कि बिना लेवी दिये सड़क का काम नही करना है। मामले को लेकर सदर थाना में 35 नामजद नक्सली पर प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। वही नक्सलियों के गिरफ्तारी के लिये एसआईटी का गठन किया गया था। इसी क्रम में नंदकिशोर को गिरफ्तार किया गया।

# शून्य से 5 साल वाले बच्चों के आधार पंजीकरण में लाएं तेजी : उपायुक्त



**कोडरमा।** आधार निगरानी समिति की बैठक उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपायुक्ता ने शून्य से 5 वर्ष आयु वाले बच्चों के आधार पंजीकरण में तेजी लाने का निर्देश देते हुए सदर अस्पताल, शिक्षा विभाग, बैंक व जिला समाज कल्याण विभाग को उपलब्ध किट को संचालित करते हुए आधार पंजीकरण का कार्य प्रारंभ करने, पंचायतवार आधार अपडेट करने को लेकर पंचायतों में शिविर का आयोजन करने आदि का निर्देश दिया। डीसी ने जिला परियोजना पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनवरी माह के 7, 10, 12, 16 व 19 जनवरी को जिले के सभी पंचायत भवनों में आधार का शिविर लगाने और शिविरों के माध्यम से 10 वर्ष पूर्व पंजीकृत आधार में सभी नगर के पता और पहचान से सम्बंधित दस्तावेज को भी ऑनलाइन करने का निर्देश दिया। डीसी ने आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को भी नया आधार पंजीकरण और मोबाइल नम्बर अपडेट करने का निर्देश देते हुए समाज कल्याण के महिला पर्यवेक्षिकाओं व आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं को आधार पंजीकरण को लेकर प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया, इसके अलावे डीसी ने कहा कि आधार कार्ड खो जाने या पंजीकरण रसीद खो जाने की समस्या के समाधान के लिए जिला स्तर पर एक एडवांस सर्च आईडी उपलब्ध कराने के लिए विभाग से पत्राचार करने का निर्देश जिला परियोजना पदाधिकारी को दिया। मौके पर जिला परियोजना पदाधिकारी रवि प्रकाश, समिति के संयोजक भगीरथ प्रसाद, एसीएमओ डॉ. पी मिश्रा, डीएसडब्ल्यूओ आरती कुमारी, परियोजना प्रबंधक आलोक कुमार, एडीएम राजदेव महतो आदि मौजूद थे।

## कुंदा पुलिस ने 10 एकड़ में लगी अफीम को किया ध्वस्त



**कुंदा (चतरा)।** कुंदा पुलिस और वन विभाग ने कई दिनों से लगातार कुंदा थाना वन क्षेत्र में अभियान चलाकर अब तक करीब 10 एकड़ में लगी पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया गया है। इधर मंगलवार को हारून और कमाल के वन क्षेत्रों में अभियान चलाकर 10 एकड़ में खेती नष्ट किया है। पोस्ता नष्ट करने में दो ट्रैक्टर मशीन लगाया गया था। अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी परमानंद मेहरा व कुंदा के प्रभारी रेंजर जगरनाथ प्रसाद ने किया। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में लगातार पोस्ता के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। वन क्षेत्रों में लगी अफीम की खेती को ड्रोन कैमरे व सैटेलाइट के सहयोग निगरानी की जा रही है। किसी भी हाल में पोस्ता को पनपने नहीं दिया जाएगा। पोस्ता की खेती करने वालों को चिन्हित कर एनडीपीएस एक्ट के तहत करवाई की जाएगी। अभियान में प्रभारी वनपाल सुबोध सोनी व वनरक्षी शामिल थे।

## कोरोना को लेकर मॉक ड्रिल



**कोडरमा।** देश और दुनिया में एक बार फिर से कोरोना के दस्तक ने एक ओर जहां लोगों को चिंतित कर दिया है। वहीं जिला प्रशासन और स्वास्थ्य महकमा अभी से तैयारी में जुट गए है। उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश के आलोक में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मंगलवार को कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए की गई तैयारियों का मॉक ड्रिल किया। मॉक ड्रिल सदर अस्पताल में किया गया, इसके तहत अस्पताल परिसर में एम्बुलेंस के कोरोना संक्रमित मरीज के पहुंचने से लेकर मरीज को डेडिकेटेड कोविड वार्ड में भर्ती करने से लेकर उसके ट्रीटमेंट का मॉक ड्रिल किया गया, इसके लिए पीपीई किट से लैस स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा कोरोना संक्रमित मरीज को उसके घर से एम्बुलेंस से अस्पताल लाने और मरीज को भर्ती करने से लेकर इलाज शुरू करने का मॉक ड्रिल किया गया। वहीं इस दौरान अस्पताल परिसर में लगे दोनों ऑक्सीजन प्लांट का भी परीक्षण किया गया।

## मृतक के परिजनों से मिले जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, बंधाया ढांढस



**कोडरमा।** बीते दिनों सड़क दुर्घटना में असामयिक मृत्यु के शिकार हुए बिचरिया, मरकच्चो निवासी अंशु कुमार पिता रामेश्वर यादव और शशिकांत कुमार पिता नारायण दास के घर जिप अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव पहुंचे। जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने दुर्घटना में असामयिक मृत्यु होने वाले एक ही गांव के दोनो युवकों के परिजनों से मुलाकात की, साथ ही ढांढस बंधाया। जिप अध्यक्ष ने मृतक के परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया, साथ ही सरकार के स्तर से मिलने वाली सुविधाओं को दिलाने में सहयोग करने की बात कही। जिप अध्यक्ष ने इसी घटना में घायल और रांची के निजी अस्पताल में ईलाजरत नीरज कुमार पंडित और नरेश यादव के परिवार से भी मोबाइल से बात की। साथ ईलाज के संबध में जानकारी ली। जिप अध्यक्ष ने घायलों को समुचित ईलाज कराने का भरोसा दिया। श्री रामधन यादव ने कहा की 25 दिसंबर की यह घटना हृदय विदारक घटना है। परिवार पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा है, इन परिवार के साथ राजद परिवार भी मर्माहत है। राजद मृत युवकों के परिवार के साथ सदैव खड़ा रहेगी। वहीं घायलों का बेहतर से बेहतर ईलाज हो और शीघ्र स्वस्थ हो, ये कामना करते है। मौके पर राजद नेता प्रखंड प्रमुख सह प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, मनोज रजक, संजय दास, मो सरफुद्दीन अंसारी, मंजूर आलम, सरफराज अहमद, जनार्दन यादव, पप्पू यादव, राजू यादव समेत राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

------------------

## टंडवा : आम्रपाली कोल परियोजना में खान सुरक्षा सप्ताह संपन्न

**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल केअम्रापाली - चंद्रगुप्त कोल परियोजना क्षेत्र में खान सप्ताह सुरक्षा दिवस का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। ततपश्चात उपस्थित मुख्य अतिथि डीएमएस आफताब अहमद एवं जीएम अमरेश कुमार सिंह व अन्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ व शॉल देकर सम्मानित किया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने महिला एवं ट्रांसजेंड सशक्तिकरण के साथ ही खान सुरक्षा नियमों पूर्वक पालन करने को लेकर विशेष बल दिया गया।जीएम अमरेश कुमार सिंह ने कहा कि सीसीएल की सबसे बड़ी कोलपरियोजना जहां सेफ्टी सुरक्षा को पहली प्राथमिकता देते हुए सबसे ज्यादा कोयले की उत्पादन किया जाता है।

# आरके पब्लिक ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट



**ब्राइट फ्यूचर ने गनियारी कला धुरकी की टीम को तीन विकेट से हराया, ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल को विजेता घोषित किया**

गढ़वा। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में छठे दिन दिन खेले गए तीन अलग-अलग मैच में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की टीम ने ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल रेहला को 80 रन से, ब्राइट फ्यूचर स्कूल ने गनियारी कला धुरकी की टीम को तीन विकेट से हरा दिया। जबकि तीसरे मैच में आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव बनाम ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल के बीच खेले गए मैच के दौरान आरके पब्लिक स्कूल में सीनियर खिलाड़ियों के खेलने के कारण ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल को विजेता घोषित किया गया। मैच से पूर्व सांसद बीडी राम व प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पहले मैच में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 6 विकेट पर अजीत कुमार के 47 और हर्षित के 32 रनों के सहयोग से 123 रनों का स्कोर खड़ा किया। ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल रेहला की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंसार आलम ने दो विकेट लिया। 124 रनों के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल रेहला की टीम आर के पब्लिक स्कूल के गेंदबाज शौर्य तिवारी के घातक गेंदबाजी के सामने 43 रनों पर ही सिमट गई। शौर्य तिवारी ने आठ रन देकर पांच विकेट प्राप्त किया। दूसरे मैच में गनियारी हाई स्कूल धुरकी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए संजय सिंह के 14 रनों के सहयोग से सभी विकेट खोकर 100 रन बनाए। ब्राइट फ्यूचर की ओर से दीपक ने 4 विकेट प्राप्त किए। जवाई पारी खेलने उतरी ब्राइट फ्यूचर की शुरूआत काफी खराब रहे परंतु निचले क्रम के बल्लेबाज आकाश ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 15 गेंद पर 39 रन के सहयोग से सात गेंद शेष रहते सात विकेट खोकर विजय लक्ष्य को पा लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आर के पब्लिक स्कूल के शौर्य तिवारी, दूसरे मैच में ब्राइट फ्यूचर स्कूल के आकाश कुमार को प्रतियोगिता के पदाधिकारी अशोक विश्वकर्मा, कमलेश कुमार दुबे, दीपक, पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी शमीम, शैलेंद्र पांडेय ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। सांसद ने कहा कि जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति 21 सालों से खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। ताकि स्कूली बच्चों के अंदर जो खेल प्रतिभा छुपी हुई है उसे निखारा जा सके। कहा कि मैं पहले भी इस खेल आयोजन में शामिल रहा हूं। सांसद ने कहा कि मेरा सहयोग हमेशा रहा है और अनवरत रहेगा। मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, प्रवीण मिश्रा, आशुतोष रंजन, विनय पांडेय, आयुष तिवारी, प्रभात तिवारी, आलोक गुप्ता, मनीष, अमित उपाध्याय, साहिल खान, रोहन तिवारी, सिकंदर प्रजापति, सूर्य प्रकाश, हेमंत राज, अश्विनी चैबे, अभिषेक द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

## ग्राम पंचायत विकास योजना की दी गई ट्रेनिंग



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड सचिवालय सभागार में मंगलवार को बीपीओ अजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत प्रशिक्षुक प्रकाश राणा के द्वारा ग्राम पंचायत में कार्यरत फैसिलेटर को एक दिवसीय प्रशिक्षण करवाया गया है। जिसमें कई अहम जानकारियां दी गई। जहां पंचायत के मुखिया पंचायत सचिव रोजगार सेवक एवं वार्ड सदस्य लोग शामिल हुए। प्रशिक्षण में ग्रामीणों की समस्याओं को ग्राम विकास योजना के तहत योजना से जोड़कर समाज और व्यक्ति तक कार्य को पहुंचाने के बारे में जानकारी दी गई। ग्रामीण किस प्रकार की कमी से जूझ रहे हैं। उस पर फोकस करना प्राथमिकता में शामिल एवं कई अहम जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में जीपीएस मिथिलेश सिंह, पंचायत सेवक चितरंजन शर्मा, उज्जवल कुमार सिंह, रोजगार सेवक सुनील कुमार, रोहित कुमार, टेक नारायण राम, स्वर्ण लता और उशीर्ला टुटी एवं फैसिलेटर प्रतिमा देवी, नीलम देवी, पूर्णिमा कुमारी, रजनी देवी, रंजू देवी, मालती देवी, गुड़िया देवी व अन्य उपस्थित थे।

## टंडवा में तीन दिवसीय जीपीडीपी का शुभारंभ



**टंडवा (चतरा)।** टाउन हॉल में मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के सतरह पंचायत के वीपीआरपी,वार्ड सदस्य,जल सहिया,स्वास्थ्य सहिया,मनरेगा मेट को प्रखण्ड स्तरीय तीन दिवसीय ग्राम पंचायत विकास प्लानिंग का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसकी शुरूआत बीस सूत्री अध्यक्ष सह मध्य जिप सदस्य सुभाष यादव,प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी,मो नेहाल वारसी,कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश पासवान,बीपीआरवो संजय रवानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वल्लित कर किया। मो .नेहाल ने बताया कि पंचायतो में योजना चयन करने में योजनाओ को धरातल पर उतारने के लिये कई बिन्दुओ को विचार कर ग्राम सभा के माध्यम से पास कर योजना मद तैयार किया जाना चाहिये। बीडीओ रंथू महतो ने बताया की पंचायती राज को विकसित करने के लिये छः सदस्यों की समिति गठित किया गया है। इसमें वीपीआरपी दो सदस्य,वार्ड सदस्य दो,जल सहिया सदस्य दो,स्वास्थ्य सहिया दो सदस्य समिति में शामिल है,उन्हें प्रशिक्षत कर योजनाओ का चयन शीघ्र शुरूआत कराया जायेगा बताया।

## कोरोना को ले सदर अस्पताल में मॉक ड्रिल



**चतरा।** सदर अस्पताल में मंगलवार को कोरोना संक्रमण की नई लहर की आशंका को देखते हुए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, जानकारी सिविल सर्जन डा. श्यामनंदन सिंह, जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, अस्पताल के उपाधीक्षक डा. मनीष लाल आदि मौजूद थे। मॉकड्रिल में बेड की उपलब्धता, मानव संसाधन, पीएसए प्लांट, वेंटिलेटर, और मेडिकल ऑक्सीजन की आपूर्ति पर खास फोकस रहा। सीएस ने कहा कि यह जरूरी है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक स्वास्थ्य उपाय किए जाएं। मॉकड्रिल के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता जैसे बिस्तर की क्षमता, आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन, समर्थित आइसोलेशन बेड, आईसीयू बेड और वेंटिलेटर बेड आदि की तैयारी पर मॉकड्रिल हुआ। मॉकड्रिल में डॉक्टरों, नर्सों और पारामेडिकल सहित कोविड मामलों में किसी भी परिस्थितियों में निपटने के लिए आवश्यक मानव संसाधन पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। सीएस ने बताया कि मॉकड्रिल के दौरान पर्याप्त संख्या में आयुष चिकित्सकों और आंगनबाड़ी सहिया का भी आकलन किया गया। बताया कि स्वास्थ्यकर्मियों को कोविड रोगियों और मेडिकल ऑक्सीजन की आपूर्ति को संभालने के लिए ठीक से प्रशिक्षित किया गया है। कोरोना अभी पूरी तरह खत्म नही हुआ है। उन्होंने सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करने की अपील की है।

## तीन किलो अफीम के साथ युवक गिरफ्तार



**सिमरिया (चतरा)।** पुलिस ने मंगलवार को 2 किलो 900 ग्राम अफीम के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक सुनील यादव लावालौंग थाना क्षेत्र के हेडुम गांव का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से एक किलोग्राम कट और एक काले रंग का मोटरसाइकिल जप्त किया है। एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि दो अफीम तस्कर मोटरसाइकिल पर सवार होकर सिमरिया होते हुए हजारीबाग की ओर जा रहे हैं। सूचना के सत्यापन के लिए एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने शीला गांव के पास एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अलावा शीला ओपी प्रभारी सुशील टूडू, एएसआई अनिल कुमार सिंह, आरक्षी बैजनाथ साहू, संतोष कुमार गुप्ता, सतीश कुमार सिंह और उपेंद्र कुमार साहू शामिल थे।

## नए साल के लिए सजधज कर तैयार है बलबल



**गिद्धौर (चतरा)।** नए साल के जश्न के लिए चतरा जिले का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बलबल सज-धज कर तैयार है। नए वर्ष में यहां पूजा अर्चना करने के लिए और पिकनिक मनाने के लिए दूर-दूर से सैलानी पहुंचते हैं। चतरा और हजारीबाग जिले के सीमाने में मां बागेश्वरी मंदिर के प्रांगण में गर्म कुंड के झरने में भी स्नान करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ती है। झरना से सटा प्रसिद्ध प्राचीन मां बागेश्वरी का एक मंदिर भी है। इस मंदिर की ख्याति दूर-दूर तक हैं। यह स्थल विश्व प्रसिद्ध फल्गु नदी के सहायक महाने नदी के तट पर बसा हुआ है। चतरा और हजारीबाग के जिले के सीमाने में यह स्थल पक्की सड़क से जुड़ा हुआ है। यह पर्यटकों का पसंदीदा स्थल है। वैसे तो यहां मकर संक्रांति में लाखों की भीड़ उमड़ती है और यहां 10 दिवसीय पशु मेला लगता है लेकिन नए वर्ष में भी यहां लोगों की भारी भीड़ उमड़ती है। सैकड़ों की संख्या में पर्यटक यहां आते हैं। गर्म कुंड के झरनों में स्नान करते हैं और मां बागेश्वरी का पूजा अर्चना कर नए वर्ष के शांति व सुखमय जीवन की कामना करते हैं। लोगों ने बताया कि स्थल की ख्याति दूर-दूर तक है। मंदिर के बगल में ही यहां पुरुषों के लिए और महिलाओं के लिए अलग-अलग गर्म कुंड का झरना है। झरने से गर्म पानी निकलते रहता है। पर्यटकों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन और प्रबंधन समिति की ओर से कई सुविधाएं और व्यवस्था की गई है।

## गुड गवर्नेंस वीक में शामिल हुए मंत्री



**चतरा।** मंत्री सत्यानन्द भोक्ता मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर चतरा विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड पहुँचे। मंत्री ने कान्हाचट्टी प्रखंड मुख्यालय स्थित गुड गवर्नेंस वीक के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बेहद संवेदनशील सरकार है। पूरे राज्य में गुड गवर्नेंस वीक मनाया जा रहा है। जिसके तहत समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण को पहुँचाया जा रहा है। सरकार हरेक क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। चतरा जिला के समुचित विकास प्राथमिकता है।

स्पीड न्यूज

## बारियातू में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

**बारियातू।** बारियातू थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये थाना परिसर के सामने लातेहार जिला उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर दो पहिया वाहन के कागजात और हेलमेट की जांच अभियान मंगलवार को चलाई गई। इस दौरान एक दर्जन से भी अधिक बाइकों को जिला परिवहन कार्यालय के रजनीश पांडेय व आरईए ऋषि राज द्वारा जांच की गई। जिसमें मौके पर ही 09 बाइक के मालिकों से एक एक 1000 का कूल 9000 हजार का चालान काटा गया। दो वाहनों का ऑनलाइन जुमार्ना किया गया। इस दौरान बारियातू थाना के प्रभारी मुकेश चौधरी व कई सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

## शराब के नशे में युवक ने खाया जहर

**बालूमाथ।** बारियातू मुख्यालय स्तिथ बकुलियाटांड में शराब के नशे में एक युवक ने मंगलवार की शाम लगभग 6:00 बजे जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नौशाद अंसारी 28 वर्ष पिता शकूर अंसारी बकुलियाटांड बारियातू निवासी ने शराब के नशे में कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उसका इलाज डॉ. सुरेश राम की देखरेख में किया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि युवक कीटनाशक दवा क्यों खाई है यह पता नहीं चल पाया है ऐसी संभावना बताई जा रही है कि शराब के नशे में होने के कारण युवक कीटनाशक दवा खाई होगी।

## प्रखंड के सभी पंचायतों में विशेष पेंशन शिविर का आयोजन

**चंदवा।** लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देशानुसार 26 से 28 दिसंबर तक प्रखंड के सभी पंचायतों में विशेष पेंशन शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में पेंशन संबंधी मामले का निष्पादन किया का रहा है। बता दें कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित करने के बावजूद उपायुक्त के जनता दरबार मे लगातार पेंशन संबंधी शिकायतें आ रही थी। इसी के निमित्त लातेहार उपायुक्त के निर्देश पर छूटे हुये वैसे लाभुक जो विधवा व वृद्धा पेंशन पाने की अहर्ता रखते हैं उनका आवेदन जमा करने के लिए 26 दिसंबर से 28 दिसंबर तक प्रखंड के सभी पंचायत सचीवालायो में आवेदन जमा करने हेतु शिविर आयोजित किया गया है। जिनका पेंशन अब तक स्वीकृत नही हो पाया है वैसे छुटे हुए लाभुक भी शिविर में अपना फॉर्म जमा कर सकते है। मंगलवार को जमीरा पंचायत में दर्जनो लोगो ने पेंशन को लेकर मुखिया दुर्गावती देवी, पंसस बल्कु मुंडा, अनुरोध कुजूर, जेएमएम नेता सितमोहन मुंडा के समक्ष आवेदन किया।

## बुजुर्ग पर अज्ञात लोगों ने किया जान लेवा हमला

**सरयू।** सरयू टिओपी क्षेत्र के पतरातु गांव में अज्ञात अपराधियों ने 60 वर्षीय बुजुर्ग हकीमुद्दीन अंसारी पर किया गया जान लेवा हमला, बताया जाता है कि मंगलवार की शुभा में हकीमुद्दीन अंसारी फजीर का नमाज पढ़ने पतरातु के मस्जिद में जा रहे थे। इसी दौरान घर से सौ मिटर के दूरी में अज्ञात लोगों ने हकीमुद्दीन अंसारी को चारो ओर से पकड़ कर धक्का मुक्की करने लगे और उन्हें खेत में बने कुआं में फेंक दिया गया, वहीं स्थानीय ग्रामीण तोहिद आलम, और उनके भाई जंगल जा रहें थे। इसी दौरान खेत का कुआं से बचाव बचाव का आवाज आ रहा था। तभी लोग कुआं में जा कर देखा तो गांव का बुजुर्ग हकीमुद्दीन अंसारी के रूप में पहचान हुआ, वहीं लोगो ने रेस्क्यू कर उन्हें कुआं से बाहर निकला गया। बताया जाता है कि हकीमुद्दीन अंसारी के पैर और कमर में गहरी चोटे आई है जिससे बुजुर्ग हकीमुद्दीन अंसारी घायल हो गया है। वहीं इस मामले को लेकर हकीमुद्दीन अंसारी ने अज्ञात लोगों पर सरयू टिओपी में लिखीत आवेदन देकर कानूनी करवाई की मांग किया है।

# बालूमाथ में चोरी का लोहा लेकर जा रहा ट्रक फंसा, पुलिस ने किया जप्त

### कबाड़ी दुकानदार एवं लोहा चोरी करने वाले गिरोह का मनोबल बढ़ा, प्रशासन खामोश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ में इन दिनों अवैध लोहा की चोरी धड़ल्ले से की जा रही है। सोमवार की मध्यरात्रि बालूमाथ के कबाड़ी दुकानदारों ने धाधु पंचायत के विशुनपुर ग्राम के खैराबांध में अभिजीत ग्रुप द्वारा लगाए गए लगभग 16 लोहे का पोल को गैस कटर से काटकर जेसीबी मशीन के माध्यम से ट्रक नंबर डब्ल्यूबी 65 सी 0563 में लादकर अन्यत्र ले जा रहा था। इसी बीच उक्त ट्रक एक खेत में फंस गई। ट्रक में मौजूद उप-चालाक मिथुन पासवान 26 वर्ष पिता मनोज पासवान ग्राम बलुआडीह जिला सिकंदरा बिहार ने बताया कि बालूमाथ के कबाड़ी दुकानदार ने उसे और उसके ट्रक को दो दिन मंगाकर झारखण्ड ढाबा के पास खड़ा रखा था। सोमवार की रात 12:00 बजे ट्रक को ले जाकर 16 लोहे का पोल को काटकर ट्रक में लाद दिया और निकलने के क्रम में अहले सुबह 3:30 बजे ट्रक फंस गई। लोहा चोरी करने के समय बालूमाथ के कई कबाड़ी दुकानदार मोटरसाइकिल से रेकी कर रहे थे। उप-चालक ने कहा कि कबाड़ी दुकानदार ने बताया था कि ट्रक को सीधा लोडिंग स्थल पर ले चलो। ट्रक को बंगाल के कबाड़ी दुकान में ले जाना था इससे पहले भी उक्त ट्रक से तीन बार बाहर की मंडियों में ले जाया गया है। ट्रक फंसने के बाद कबाड़ी दुकानदार व ट्रक के चालक भाग गया। इधर ट्रक फंसने की सूचना सुबह ग्रामीणों द्वारा बालूमाथ पुलिस को दी गई। जिसके बाद मुरपा पीकेट प्रभारी पारसनाथ घटनास्थल पर पहुंचकर हाईड्रा के माध्यम से फंसी ट्रक को निकालकर मुरपा पिकेट ले आया गया।



चोरी का लोहा लदा फंसा ट्रक

### बालूमाथ के आधा दर्जन कबाड़ी दुकानदार इस धंधे में है संलिप्त

ज्ञात हो कि बालूमाथ के आधा दर्जन कबाड़ी दुकानदार इस धंधे में संलिप्त है। बताया जाता है कि चंदवा प्रखंड के चकला ग्राम के अभिजीत ग्रुप का पॉवर प्लांट के स्क्रैप को कबाड़ी दुकानदार चोरी करवा कर मोटरसाइकिल, पिकअप ट्रक के माध्यम से बालूमाथ कबाड़ी दुकान में लाते हैं और ट्रकों से अन्यत्र भेजा जाता है। सूत्रों के अनुसार बालूमाथ के आधा दर्जन कबाड़ी दुकानदारों में प्रत्येक दिन 8 से 10 ट्रक में लगभग 300 से 400 टन लोहा चोरी कर बाहर की मंडियों में भेजा जा रहा है। कबाड़ी दुकानदार एवं लोहा चोरी करने वाले गिरोह का मनोबल इतना बढ़ गया है कि अभिजीत ग्रुप द्वारा लगाया गया 13 मीटर का रेल पॉल एवं बड़ा लोहे का पाइप को रात के अंधेरे में गैस कटर से काटा जाता है। और इसी के तहद आज उक्त ट्रक फस गई।चकला से लेकर देवनद नदी के बीच लगभग 400 लोहे का पोल एवं एक सौ से ज्यादा लोहे का बड़ा होम पाइप को चोरों द्वारा काट कर बेच दिया गया। वही चंदवा पुलिस द्वारा पिछले दिनों एक दर्जन मोटरसाइकिल को अवैध लोहा चोरी करते पकड़ा गया था।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक संपंन

### उग्रवादी हिंसा एवं सामान्य के आश्रितों के अभ्यावेदनों की विस्तार से की गई समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति द्वारा उग्रवादी हिंसा एवं सामान्य के आश्रितों के अभ्यावेदनों की विस्तार से समीक्षा की गई। समिति द्वारा कुल 12 अभ्यावेदनों की समीक्षा की। इनमें उग्रवादी हिंसा के 01 एवं सामान्य के 11 अभ्यावेदन थे। सामान्य के अभ्यावेदनों पर विचार विमर्श के बाद समिति द्वारा 11 में से 6 अभ्यावेदनों की अनुशंसा की गई। तथा उग्रवादी हिंसा से संबंधित एक मामले पर विचार विमर्श करते हुए समिति ने अनुशंसा की। उपायुक्त ने आवेदन संबंधित व्यक्ति की शैक्षणिक योग्यता, एनओसी व स्वजनों से संबंधित जानकारी लेते हुए नियुक्ति के लिए अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरेन्द्र कुमार वर्मा, जिला कल्याण पदाधिकारी विन्देश्वरी ततमा, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, डीएसपी डॉ. कैलाश करमाली, जिला शिक्षा अधीक्षक, स्थापना उप समाहर्ता मोहनलाल मरांडी, जिला शिक्षा पदाधिकारी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



बैठक करते डीसी व अन्य

## पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार जन योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय सहजकर्ता दल प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बारियातू। प्रखंड कार्यालय परिसर में पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार जन योजना 2022-23 के अंतर्गत तीन दिवसीय सहजकर्ता दल का प्रशिक्षण का शुभारम्भ बीडीओ सह सीओ दीपाली भगत राज्य प्रशिक्षक साकेत तिवारी व बीपीएम सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर मंगलवार को किया।

प्रशिक्षण मे राज्य से आए प्रशिक्षक साकेत तिवारी ने पंचायत सहजकर्ता दल का प्रशिक्षण के दौरान बताया की उप निदेशक पंचायती राज त्रिस्तरीय पंचायतों द्वारा अपनी वार्षिक विकास योजना सबकी योजना सबका विकास अभियान को नियमित पंचायत संसाधन दल को तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने अपने क्षेत्र मे कार्य करना है। वहीं बीडीओ दीपाली ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्लान कर योजना बनाना सहित बाल सभा महिला सभा के संबंध मे बताया की बच्चों को आंगनबाड़ी व समाज कल्याण द्वारा मिलने वाली लाभ के लिए बाल सभा कर प्लान बनाना है। वहीं महिला सभा मे महिलाओ को सशक्तिकरण करने की योजना पर ग्राम सभा कर प्लान बनाना है। बीपीएम सुनील ने पेयजल स्वच्छता, शौचालय योजना सहित अन्य जेएसएलपीएस की योजना के सम्बंध मे ग्राम सभा करने की बात कही। वहीं मनरेगा बीपीओ रवि कुमार ने 15 वीं वित्त, मनरेगा योजना सहित अन्य सभी प्रकार के संचालित जन योजना के लिए प्लान करने की जानकारी दिया। मौके पर पंचायत पदाधिकारी, मनरेगा कर्मी, पंचायत के सभी मुखिया, स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया, वार्ड सदस्य सहित प्रखंड से सभी पंचायत के कई विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।



बारियातू मे तीन दिवसीय प्रशिक्षण देते

## कोरोना के नए वेरियंट बीएफ 7 से बचाव को लेकर चंदवा में हुआ मॉक ड्रिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चीन में तेजी से पांव पसार चुकी कोरोना के नए वेरियंट बीएफ.7 के भारत मे संभावित खतरे से राहत व बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग तैयारी तेज कर दिया है। लातेहार डीसी भोर सिंह यादव के निर्देशानुसार मंगलवार को चंदवा प्रखण्ड प्रशासन के द्वारा चंदवा सीएचसी में मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान नए वेरियंट बीएफ.7 के संक्रमण से बचाव को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों को पूर्वाभ्यास कराया गया। इस दौरान बीडीओ विजय कुमार, प्रखण्ड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने सीएचसी में ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड को क्रियाशील रखने, मरीजों के समुचित देखभाल की व्यवस्था करने, बाहर से आने वाले लोगो पर निगरानी रखने व कोविड जांच सुनिश्चित करने के साथ हर परिस्थिति से निपटने को तैयार रहने की बात कही।

इस दौरान उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा ने कोविड का टीका नही रहने के कारण बूस्टर डोज लगाने में रही परेशानी की समस्या को रखा व तत्काल कोविड टिका उपलब्ध कराने की बात कही। सीएचसी प्रभारी नंद कुमार पांडेय ने लोगो ने नए वेरियंट से बचाव को लेकर मास्क, सैनिटाइजर का उपयोग सुनिश्चित करने व कोविड अनुरूप व्यवहार का अनुपालन सुनिश्चित करने की बात कही।

मौके पर डॉ. प्रकाश बड़ाइक, पुअनि नारायण यादव, स्वास्थ्य कर्मी मनीष कुमार, त्रिलोकी सिंह, धनेश्वर प्रसाद समेत चंदवा सीएचसी के स्वास्थ्य कर्मी समेत अन्य लोग मौजूद थे।



तैयारी का जायजा लेते अधिकारी व जनप्रतिनिधि

## चंदवा में परिवहन विभाग ने चलाया वाहन जांच अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देशानुसार मोटरयान निरीक्षक सुनील कुमार की अगुवाई में परिवहन विभाग की टीम ने मंगलवार को चंदवा थाना मुख्य द्वार के समक्ष सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में दो पहिया, चार पहिया वाहनो की जांच की गई। जांच के क्रम में कई दोपहिया व चार पहिया वाहनो को नियमों का उल्लंघन करते पकड़ा गया, जिनसे जुमार्ना वसूला किया जा रहा था। जांच के क्रम में एमवीआई श्री कुमार ने दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट व चार पहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करने की बात कही। उन्होंने कहा कि बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण को लेकर उक्त अभियान चलाया जा रहा है, आप सभी वाहन चालक सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें। अभियान में परिवहन विभाग के तबरेज अंसारी, अबुल कैश समेत चंदवा पुलिस के जवान शामिल थे।



वाहन जांच करते

# डेढ़ वर्ष बाद लगा ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में खुशी

### बहेरा टोला में डेढ़ वर्ष व केकराही में 6 माह से खराब था ट्रांसफार्मर

पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने प्रशासन, विभाग और मीडियाकर्मियों का जताया आभार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** पंचायत प्रतिनिधियों के सार्थक प्रयास से प्रखण्ड के माल्हन पंचायत अंतर्गत लोहरसी बहेराटोला में विगत डेढ़ वर्ष व केकराही में लगभग 6 माह से खराब पड़े ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया टांसफार्मर विभाग द्वारा मुहैया करा दिया गया। मंगलवार को बहेराटोला में खराब ट्रांसफार्मर के स्थान पर बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। बेहरा टोला में नया ट्रांसफार्मर लगाए जाने के बाद गांव में डेढ़ वर्ष बाद विजली बहाल हो गयी, जिससे ग्रामीणों में खुशी देखी जा रही है। वहीं केकराही गांव में भी लाये गए नए ट्रांसफार्मर को चबूतरा बनने के बाद लगा दिया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया की ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण उन्हें अंधेरे में जीवन गुजानता पड़ रहा था। मामले को लेकर ग्रामीणों ने मुखिया जतरु मुंडा, पंसस लाछो देवी, जीप सदस्य प्रतिमा देवी व प्रखण्ड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा को समस्या से अगवत कराया था, जिनके द्वारा विभाग को पत्राचार कर समस्या का निदान करने आग्रह किया था।

नया ट्रांसफार्मर लगने व बिजली बहाल होने पर मुखिया जतरु मुंडा, पंसस लाछो देवी, ग्रामीण रामचंद्र भगत, लक्ष्मी भगत, सुखदेव भगत, अमेरिका भगत, इंदर भगत, बुद्धदेव भगत, चंद्रदेव भगत, सुखरी पाहन व दर्जनों ग्रामीणों ने डीसी भोर सिंह यादव, बिजली विभाग व मीडियाकर्मियों को साधुवाद दिया है।



आभार जताते ग्रामीण

## बारियातू में चलाया गया कांग्रेस का भारत जोड़ो यात्रा

**बारियातू।** प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार के नेतृत्व मे कांग्रेस का भारत जोड़ो यात्रा बारियातू प्रखंड अंतर्गत साल्वे पंचायत से प्रारंभ होकर टोटी अभियान मंगलवार को चलाया गया। भारत जोड़ो यात्रा अभियान के तहत साल्वे पंचायत से अलखडीहा, इटके होते हुए टोटी तक भ्रमण किया गया। भारत जोड़ो यात्रा अभियान मे मौजूद लातेहार विधानसभा प्रभारी पप्पू पासवान व प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार ने कहा कि यह अभियान पुरे देश मे चल रहा है। कांग्रेस पार्टी जाति धर्म, हिन्दू मुस्लिम, सिख ईसाई से ऊपर उठकर हर भारतीय को एकजुट कर पार्टी को मजबूत बनाने के लिए पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी देश के कोने-कोने तक भारत जोड़ो यात्रा मे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे। पूर्व

## एक नजर में

### काम करने के दौरान दीवार गिरने से एक मजदूर की मौत, दो अन्य घायल

**बारियातू।** बारियातू थाना अंतर्गत नचना ग्राम स्तिथ सुरागीटोला में निमार्णाधीन घर की दीवार गिर जाने से एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि काम कर रहे दो अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार कि देखरेख में घायलों का प्राथमिक इलाज किया गया। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुरागीटोला निवासी संतोष प्रसाद पिता रासबिहारी साव के घर का निर्माण कार्य चल रहा था। कार्य के दौरान एकाएक घर का पुराना दीवार मजदूरों के ऊपर गिर गया। जिसमे काम कर रही महीला मजदुर एतवारीय देवी (बैहरी ) 47 वर्ष की मौत हो गई। वहीं दो अन्य मजदूर रामू उरांव 55 वर्ष और उनकी पत्नी पकलो देवी (परोईया) 50 वर्ष दोनो ग्राम नचना थाना बारियातु निवासी घायल दोनो हो गए। इधर मामले की सूचना पुलिस को दे दी गयी। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। वहीं घटना के बाद पति बीरु भुइयाँ पुत्र राहुल कुमार, सुनीता रेखा, राहुल परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं बताया की मजदूरी कर जीवन गुजर बसर कर रहे थे। मजदूर महिला की मौत होने के बाद परिजनों ने रोते बिलखते हुए कहा की घर का सहारा छीन गया।

### कोविड निर्देशों का पालन कर महामारी को हराया जा सकता है : राकेश सहाय

**बरवाडीह ।** कोविड की चौथी लहर के नए वैरियंट इ.7 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारी सुनिश्चित करने और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रहा है। जिसे लेकर मंगलवार को जिला उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर बरवाडीह स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आशीष रंजन की मौजूदगी में मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान बीडीओ श्री सहाय ने पूरी गहनता के साथ मॉक ड्रिल का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान मरीजों के लिए लिए कितने बिस्तर उपलब्ध हैं। ऑक्सीजन बेड से लेकर, वेंटिलेटर बेड, ऑक्सीजन सिलेंडर की उपलब्धता के साथ डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता पर भी गौर किया गया। आरटी पीसीआर की उपलब्धता से लेकर एन-95 मास्क, पीपीई किट, दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली गई। जहां श्री सहाय ने कहा कि कोरोना से निपटने के लिए प्रखंड प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस ली है। उन्होंने लोगों से मास्क का इस्तेमाल करते हुए सावधानी बरतने की अपील की है। कहा कि कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए मास्क, शारीरिक दूरी व बार बार हाथ धोने के निदेशों का पालन कर महामारी को हराया जा सकता है। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अनिवार्य रूप से मास्क का उपयोग किया जाना चाहिए। वहीं मॉक ड्रिल के दौरान अस्पताल एक सभी चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### बच्चों के बीच स्वेटर का किया गया वितरण

**मनिका।** मनिका प्रखंड के नामुदाग पंचायत अंतर्गत स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या दो में पढ़ने वाले बच्चों को ठंड के मौसम से बचाव हेतु सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई गई स्वेटर का पंचायत के मुखिया दिनेश कुमार सिंह,सेवानिवृत शिक्षक तिलक मिस्त्री व सहायक अध्यापक संतोष कुमार राम एवं अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से बच्चों के बीच वितरण किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले 3 वर्ष से लेकर 6 वर्ष तक के उम्र के बच्चों को स्वेटर दी गई। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका प्रमिला देवी,राजदेव राम,उपेंद्र राम,तौफीक अंसारी,सुशील विश्वकर्मा,सरस्वती देवी,सुनीता देवी,रजंती देवी,सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### कोविड-19 संक्रमण की बचाव रोकथाम व नियंत्रण के लिए एसडीएम के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों ने किया मॉक ड्रील

**बारियातू।** प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र भवन सह कोविड-19 आइसोलेशन केंद्र में कोविड-19 से बचाव, रोकथाम व नियंत्रण के लिए एसडीएम शेखर कुमार, बालूमाथ सीओ आफताब आलम, बारियातू बीडीओ सह सीओ दीपाली भगत व बालूमाथ सीएचसी प्रभारी सुरेश राम की उपस्थिति में स्वास्थ्य कर्मियों ने मॉक ड्रील मंगलवार को किया। एसडीएम शेखर कुमार ने मॉक ड्रील के सम्बंध में बताया कि कोविड-19 संक्रमण की बचाव रोकथाम व नियंत्रण के लिए लातेहार जिला कितना तैयार है। इसी उद्देश्य से स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मॉक ड्रील किया गया है। बारियातू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सह कोविड-19 आइसोलेशन केंद्र में संक्रमित मरीजो के रहने,जांच की पूरी व्यवस्था कर ली गई है। वर्तमान में बीस बेड ऑक्सीजन पाईप लाईन पूरी तरह व्यस्थिय है। ऑक्सीजन प्लांट को दो दिनों के अंदर शुरू करा लिया जाएगा। बालूमाथ सीएचसी प्रभारी सुरेश राम ने बताया कि कोरोना से डरने की जरूरत नहीं है। सभी लोग घर से बाहर निकलते ही मास्क का प्रयोग करे। कोविड-19 कि गाईड लाइन का पालन करे। किसी भी महिला-पुरुष को गले मे तकलीफ व रीढ़ की हड्डी में दर्द महसूस हो तो चिकित्सक का सलाह ले। जो अभी तक कोविड-19 से बचाव के लिए वैक्सीन नहीं ले सके है। वे वैक्सीन जरूर लगाएं। मॉक ड्रील में बालूमाथ व बारियातू के स्वास्थ्य कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मनिका प्रखंड के उत्तम कुमार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड का प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया

**मनिका।** मनिका रक्तगर्भा झारखंड की भूमि में चल रहे विद्यार्थी परिषद के 23 वें प्रांतीय अधिवेशन में सत्र 2022-2023 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसी कड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मनिका के निवर्तमान नगर मंत्री उत्तम कुमार को प्रांतीय अधिवेशन में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व दिया गया।ज्ञात हो कि उत्तम कुमार मूलतः मनिका के निवासी है। उनकी शिक्षा डिग्री महाविद्यालय मनिका से राजनीति विज्ञान विषय से स्नातक तक पूरी हुई है। उत्तम 2019 से ही विद्यार्थी परिषद के संपर्क में है। उन्होंने अपने नगर मंत्री कार्यकाल में छात्रों के हित के लिए हमेशा तत्पर थे। उन्होंने डिग्री महाविद्यालय के प्राचार्य की नियुक्ति के लिए लगातार संघर्ष किया था और अंततः उनका प्रयास रंग लाया। इस तरह उनके द्वारा छात्र हित में कई तरह का कार्य किया गया है। उन्हें बधाई देने वालों में नगर अध्यक्ष रंजित रंजन, नगर उपाध्यक्ष गोविंद पासवान व दीपक कुमार, नगर मंत्री सौरभ भारती, सह मंत्री अभिषेक कुमार यादव, अमित कुमार समेत नगर इकाई के कई कार्यकर्ता शामिल हैं।

### बरवाडीह निवासी अरुण सिंह बनाए गए झामुमो लातेहार जिला संयुक्त सचिव

**बरवाडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की जिला समिति का विस्तार करते हुए बरवाडीह प्रखंड के लात पंचायत अंतर्गत नवरनागु ग्राम निवासी अरुण सिंह खरवार को मैन मोर्चा का जिला संयुक्त सचिव बनाया गया है। जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ सहदेव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी है और संगठन को मजबूती प्रदान करने का निर्देश दिया है। इधर नवनिर्वाचित संयुक्त सचिव अरुण सिंह ने जिला अध्यक्ष के साथ साथ शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि मुझे जो बहुमूल्य दायित्व दिया गया है। इस जिम्मेवारी को पूरी तन्म्यता और ईमानदारी से पूरा करने का कार्य करूंगा और जनता के बीच सरकार की नीतियों और योजनाओं को पहुंचाते हुए संगठन को मजबूत करने का कार्य करूंगा। वहीं संगठन में युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ने का कार्य करूंगा। उधर अरुण सिंह को जिला संयुक्त सचिव बनाए जाने पर झामुमो कार्यकताओं ने खुशी की लहर है। कार्यकताओं ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि संगठन के विस्तार किए जाने से जिला इकाई और धारदार होगी। वहीं उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारी अरुण सिंह को बधाई दी हैं।



अरुण सिंह नवनिर्वाचित जिला संयुक्त सचिव

